कार्यालय वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

कृषि वानिकी चेतना केन्द्र, अनूपशहर रोड़, छेरत, अलीगढ़, पिन–202001 * ई–मेलः cfaligarh@gmail.com

पत्रांक 2357/14–10, दिनांकःअलीगढ़ःफरवरी, 18 2016

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम,1980
उ0प्र0, लखनऊ।

विषयः– जनपद–अलीगढ़ में अलीगढ़–रामघाट मार्ग (एम0डी0आर0–105) किमी0 चैनेज 15.150 की बॉयी पटरी पर ग्राम उखलाना के खसरा सं0–1470 में विकसित किये जा रहे एस्सार ऑयल लिमिटेड के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.0768 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1494/अलीगढ़/13881/यू0पी0–134/2015, दिनांक 19.01.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का निम्न प्रकार निराकरण करते हुए तद्नुसार संशोधित प्रस्ताव संलग्न कर प्रेषित हैः–

1. वन भूमि की गणना पर पुनः विचार कर Architect से क्षेत्रफल की पुनः गणना करा ली गयी है, जो पी0डब्लू0डी0 द्वारा अनुमोदित रिटेल आउटलेट की स्वीकृत ले–आउट से मेल खाती हे। Architect से इस विषय में प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित है। कर्व भाग की गणना को दर्शा दिया गया है।
2. परियोजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणित कराकर संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
3. उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी वैध अनापत्ति प्रस्ताव के साथ संलग्न कर प्रेषित है।
4. ड्रेन का निर्माण रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु प्रस्तावित वनभूमि में नहीं किया जायेगा। यह कार्य प्रयोक्ता एजेंसी की निजी भूमि पर कराया जायेगा। इस संबंध में प्रयोक्ता एजेंसी से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित है।
5. प्रस्तावित स्थल के अनुमोदित ले–आउट प्लान से मेल खाता डिजीटल मैप संलग्न कर प्रेषित है।
6. ऑफलाइन पार्ट–2 पर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़ की संस्तुति अंकित कर आवश यकतानुसार संशोधन कर दिया गया है।
7. उपरोक्तानुसार सूचनाओं एवं अभिलेखों को पूर्ण कर पृष्ठ संख्या एवं विषय सूची को अपडेट कर दिया गया है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

पत्रांक /14–1, समदिनांकित।

1. प्रतिलिपि– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़ का पत्रांक 2734/अलीगढ़/13881/यू0पी0–134/2015, दिनांक 16.02.2016 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि– डिवीजनल मैनेजर, एस्सार ऑयल लिमिटेड, ए–5, सैक्टर–3, नोयडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

C.F. Office/Draftman/Land Transfer/com-ii